IMC
Chamber of Commerce and Industry

# 31 वाँ

## आईएमसी लेडीज़ विंग
## जानकीदेवी बजाज पुरस्कार 2024 के लिए
## नामांकन आमंत्रित करते हैं


### पुरस्कार

रु.10,00,000/- की धनराशि (रु. दस लाख)

- प्रमाणपत्र
- प्रशस्ति पत्र

IMC-LADIES' WING JANKIDEVI BAJAJ PURASKAR
FOR WOMAN RURAL ENTREPRENEUR-2024
31 YEARS









# 31वाँ आईएमसी - लेडीज़ विंग
# जानकीदेवी बजाज पुरस्कार -2024

आईएमसी लेडीज़ विंग **ग्रामीण व्यवसाय एवं उद्योग विकास** के क्षेत्र में योगदान देने वाली **भारतीय महिला उद्यमी** के योगदान की सराहना एवं प्रशंसा करने के लिए **'31 वाँ आईएमसी लेडीज़ विंग जानकीदेवी बजाज पुरस्कार - 2024'** के लिए नामांकन आमंत्रित करते हैं.

**पुरस्कार के अंतर्गत रु. 10,00,000 /- की धनराशि, प्रशस्ति पत्र व प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है.**

## मानदंड :

● नामांकित महिला का भारतीय होना अनिवार्य है. ● उस महिला द्वारा व्यावसायिक उद्यमशीलता के लिए असाधारण कार्य किया होना चाहिए, जिससे ग्रामीण भारत को उन्नत करने हेतु लाभ पहुंचा हो. ● उम्मीदवार ग्रामीण, शहरी या आदिवासी भारत से हो सकता है.

पुरस्कार समारोह जनवरी 2025 के दूसरे सप्ताह में मुंबई में आयोजित होगा.

हम योग्य महिला उद्यमियों का नामांकन आमंत्रित करते हैं. स्व-नामांकित आवेदन पत्र भी स्वीकार किए जाएँगे.

***महिलाओं में ग्रामीण उद्योग उद्यमशीलता की भावना जगाने के लिए एक बदलाव लाएँ.***

## नामांकन भरने की अंतिम तिथि :

नामांकन विवरण बताए गए प्रारूप में, **शनिवार, 31 अगस्त, 2024** तक या उससे पहले आईएमसी लेडीज़ विंग के कार्यालय में पहुँच जाने चाहिए.

यदि आप और अधिक विवरण जानना चाहते हैं, तो कृपया उपनिदेशक, आईएमसी-लेडीज़ विंग मोबाइल नं +91 9820995375 से संपर्क करें या ladieswing@imcnet.org पर मेल करें.

हम महिलाओं और ग्रामीण सशक्तिकरण के उद्देश्य हेतु आपसे सहयोग और प्रोत्साहन की उम्मीद करते हैं.

ज्योती आर दोशी

**ज्योती दोशी**
**अध्यक्ष (2024-2025)**
**आईएमसी -लेडीज़ विंग**

नैनतारा जैन

**नैनतारा जैन**
**अध्यक्ष**
**जेबीपी समिति -2024**

**स्थापना:**

आईएमसी, जिसकी स्थापना 1907 में हुई थी, इसमें 1966 से स्थापित लेडीज़ विंग बहुत ही सक्रिय और जीवन्त है. सामाजिक जागरूकता के प्रसार के फोरम के रूप में स्थापित विंग भारतीय महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए एक गतिशील संस्था बन चुकी है.

आईएमसी लेडीज़ विंग जानकीदेवी बजाज पुरस्कार 1993 में श्रीमती जानकीदेवी बजाज (1893–1979) की जन्मशती के अवसर पर उद्यमशीलता के क्षेत्र में किए गए ठोस कार्यों को समर्थन, सहयोग और सम्मान हेतु ग्रामीण भारत के साथ निकटस्थ संबंध स्थापित करने के उद्देश्य से संस्थापित किया गया था.

अपने पति श्री जमनालाल बजाज का अनुकरण करते हुए, श्रीमती जानकीदेवी बजाज ने गांधीवादी जीवन अपनाया, उन्होंने खादी सहित ग्रामीण उद्योग के माध्यम से ग्रामीण उत्थान का प्रचार किया, स्वतंत्रता संग्राम में सक्रियता से भाग लिया और जेल के कष्ट भी सहे. वे परोपकारी और मितव्ययी महिला के रूप में जानी जाती थीं, वे दृढसंकल्पित किन्तु सहृदय थीं और स्व–निर्मित महिला थीं. गोसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए वे 1942 से कई वर्षों तक अखिल भारतीय गोसेवा संघ की अध्यक्ष रहीं. श्रीमती बजाज को ग्रामीण भारत के लिए उनके द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्यों के लिए वर्ष 1956 में पद्मविभूषण प्रदान किया गया था.

**हमारे पूर्व पुरस्कार प्राप्तकर्ता इस प्रकार हैं :**

1993 अनुताई लिमये (महाराष्ट्र) – सामाजिक अर्थशास्त्र संबंधी कार्यक्षेत्र
1994 एस. जी. सुशीलअम्मा (कर्नाटक) – उत्पादन
1995 अनुबेन ठक्कर (गुजरात) – कुटीर उद्योग
1996 सरस्वती गोरा (आंध्र प्रदेश) – सामाजिक अर्थशास्त्र संबंधी कार्यक्षेत्र
1997 डॉ. रागिनी प्रेम (उत्तर प्रदेश) – सामाजिक अर्थशास्त्र संबंधी कार्यक्षेत्र
1998 मीना अग्रवाल (आसाम) – वित्तीय कार्यक्षेत्र
1999 सिस्टर मैथिली (केरल) – उत्पादन
2000 चिनापिल्लई (तमिल नाडु) – कृषि
2001 कुंतलाकुमारी आचार्य (उड़ीसा) – कुटीर उद्योग
2002 कांता त्यागी (मध्य प्रदेश) – कुटीर उद्योग
2003 सिस्टर वंदना दाभी (गुजरात) सामाजिक अर्थशास्त्र संबंधी कार्यक्षेत्र
2004 विजयमाला बाजीराव देसाई (महाराष्ट्र) – उत्पादन
2005 चेतना गाला सिन्हा (महाराष्ट्र) – बैंकिंग एवं वित्त
2006 हीरबाईबेन लोबी (गुजरात) – सामाजिक अर्थशास्त्र संबंधी कार्यक्षेत्र
2007 शैला अमृते (महाराष्ट्र) – कृषि प्रक्रिया
2008 मल्लम्मा यलावार (कर्नाटक) – कुटीर उद्योग
2009 पुष्पा चोप्रा (बिहार) – कुटीर उद्योग
2010 अनिता पॉल (उत्तराखंड) – कुटीर उद्योग
2011 रश्मि भारती (उत्तराखंड) – कुटीर उद्योग
2012 जोसफिन सेल्वराज (तमिल नाडु) – कुटीर उद्योग
2013 थिनलास कोरोल (जम्मू और कश्मीर) – पर्यटन
2014 कृष्णा बिश्ट (उत्तराखंड) – कुटीर उद्योग
2015 काना मोंडल (प. बंगाल) – कुटीर उद्योग
2016 पाबीबेन रबारी (गुजरात) – कुटीर उद्योग
2017 शमशाद बेगम (छत्तीसगढ़) – सामाजिक अर्थशास्त्र संबंधी कार्यक्षेत्र
2018 पवित्रा सुंदरेशन (कर्नाटक) –सामाजिक अर्थशास्त्र संबंधी कार्यक्षेत्र
2019 रुमादेवी (राजस्थान) – लघु उद्योग
2021 दुर्गा मल्लू गुडिलु (महाराष्ट्र) – कोविड–19 योद्धा
2022 मनिषा घुले (महाराष्ट्र) – सामाजिक अर्थशास्त्र संबंधी कार्यक्षेत्र
2023 राजीबेन वनकर (गुजरात) – लघु उद्योग



# 31वाँ आईएमसी – लेडीज़ विंग
# जानकीदेवी बजाज पुरस्कार –2024

## नामांकन पत्र के लिए प्रारुप

**क** **व्यक्तिगत विवरण**

1. नामांकित महिला का नाम
2. जन्मतिथि
3. पत्ता
4. टेलीफोन (दफ्तर, आवास व मोबाइल), ई–मेल व फैक्स नं.
5. वेबसाइट

**ख** **व्यावसायिक विवरण** (उपयुक्त दस्तावेजों के साथ)

1. गत कुछ वर्षों में किए गए व्यावसायिक कार्यों का ब्यौरा
2. किए गये कार्य का निम्न पर प्रभावः
   (क) ग्रामीण विकास एवं उद्यमशीलता
   (ख) आस–पास के क्षेत्र में
   (ग) लोगों पर
3. किया गया कार्य किस तरह माना जायेगाः
   (क) अद्वितीय
   (ख) नई पद्धति
4. कार्य के जारी रहने तथा भावी प्रगति की संभावना
5. संस्थान की आर्थिक स्थिति (कृपया इस वर्ष व गत दो वर्षों की बेलेंस–शीट संलग्न करें)

**ग** **अतिरिक्त जानकारी** (उपयुक्त दस्तावेजों के साथ)

1. नामांकित महिला को पहले कोई पुरस्कार /मान्यता प्राप्त हुई है ? यदि हाँ, तो उनका ब्यौरा
2. आपकी क्रिया / कार्य की तस्वीर और/या सीडी

**घ** **स्व–नामांकन** **हाँ** ☐ **नहीं** ☐

**च** **प्रस्तावक का विवरण, अगर हो तो**

1. प्रस्तावक का नाम
2. प्रस्तावक का पता, टेलीफोन (दफ्तर, आवास व मोबाइल), ईमेल व फैक्स नं.
3. प्रस्तावक का हस्ताक्षर

**छ** **इस पुरस्कार संबंधित जानकारी आपको किस माध्यम से मिली ?**

---

**कृपया उपयुक्त दस्तावेजों के साथ नामांकन की साफ टाइप की हुई 2 प्रतियां, कार्य के चित्र (फोटोग्राफ्स) तथा नामांकित महिला के चित्र की दो प्रतियां निम्न पते पर 31 अगस्त, 2024 तक या उससे पहले भेजें :**

लेडीज़ विंग – आईएमसी चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, 3 री मंज़िल, आई.एस.सी. बिल्डिंग, आई.एम.सी. मार्ग, चर्चगेट, मुंबई 400 020. मोब.: +91 9820995375
ई–मेलः ladieswing@imcnet.org वेबसाइट : www.imcladieswing.org; www.narishakti.org

IMC
Chamber of Commerce and Industry

आईएमसी – लेडीज़ विंग, आईएमसी बिल्डिंग, 3री मंज़िल, चर्चगेट, मुंबई 400 020
टेलीफोन: +91 22 7122 6633 मोब.: +91 98209 95375 ई–मेल: ladieswing@imcnet.org

IMC - Ladies' Wing, IMC Building, 3rd floor, Churchgate, Mumbai - 400 020
Tel.: +91 22 7122 6633 Mobile: +91 98209 95375 Email: ladieswing@imcnet.org
Web.: www.imcladieswing.org I www.narishakti.org